26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 31 मार्च, 2026

अंक- 155 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पानी की टंकी पर चढ़कर, युवक झूल गया फांसी के फंदे पर

**नगीना (चिंगारी)।** नगीना में ग्राम कालाखेड़ी के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर एक युवक ने रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने फायर कर्मियों की मदद से युवक के शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया।

मंगलवार की सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने पानी की टंकी से एक युवक को रस्सी पर लटके हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष अवनीतमान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पानी की टंकी से युवक के लटके होने की सूचना गांव में फैलने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने युवक को नीचे उतारने के लिए बहुत प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, तो फायर कर्मियों को मौके पर बुलाना पड़ा। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद युवक के शव को नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला लालसराय निवासी नवेद 21 वर्ष पुत्र मोहम्मद अकबर के रुप में हुई है। मृतक सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों का कहना है कि सोमवार की शाम करीब छह बजे वह घर से गया था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं आया तो पूरी रात उसे सब जगह ढूंढने का प्रयास किया गया। रात्रि में उसके गायब होने की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। आत्महत्या किए जाने का कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मृतक बिजली फिटिंग का कार्य करता था।



नगीना में पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने वाले युवक को देखने के लिए मौके पर जमा भीड़।



नगीना में पानी की टंकी पर लटके युवक के शव को नीचे उतारते पुलिसकर्मी।

## नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़

# आठ श्रद्धालुओं की मौत, कई जख्मी

बिहार के नालंदा जिले के शीतला मंदिर में आज भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से अव्यवस्था की स्थिति बन गई। इससे मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग जख्मी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला माता मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे। पुलिस-प्रशासन का बंदोबस्त मंदिर में न के बराबर था। इसी बीच कुछ श्रद्धालु दर्शन की जल्दबाजी में कतार तोड़कर एक के ऊपर एक चढ़ने लगे, इससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। नतीजा यह हुआ कि शीतला मंदिर में भगदड़ मच गई और लोग एक के ऊपर एक गिरते, चढ़ते चले गए। भगदड़ की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और हालात को काबू कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।


**आवश्यकता है**

एक गार्ड की ( गन तथा बिना गन वाला दोनों में से कोई भी ) तथा एक चौकीदार की जो माली का कार्य भी जानता हो।

**बाजवा फॉर्म**

बासोवाला, बढ़ापुर ( बिजनौर )

फोन न0 9412452094


# लेखन मेरा व्यसन है और पूजा भी

लेखन मेरा व्यसन है और मेरी पूजा भी। कई बार अपनी इस अनुभूति पर चकित रह गया हूं कि मेरे अंदर विचारों का एक फव्वारा है, कभी यूं ही एक पंक्ति लिखी और विचारों का प्रवाह आरंभ हो गया। कदाचित इसलिये कि मैंने जीवन के सप्तरंगी इंद्रधनुष को ही खुली आंखों से नहीं देखा, वरन उन अंधेरी घाटियों का भी भ्रमण किया है, जिनमें आंखें पैसे की राह खोजती हैं। मैंने मरघट पर बांसुरी बजाती जीवन की किन्नरबाला को भी देखा है और बेले की कलियों से सजी शैया पर करवट बदलती बीमार थुलथुल काया को कौमार्य का रक्त चाटते भी। इसलिये मेरी अभिव्यक्ति में कहीं-कहीं बहुत कड़वाहट भी है और व्याकुलता या आक्रोश भी। फिर भी उस समाज में, जिसमें गम अधिक और मुस्कान कम है, मैंने जिजीविषा का स्पंदन अनुभव किया है, इसलिये मेरी जिज्ञासाओं ने मेरे हाथों में लेखनी दी है।



मैंने जो कुछ भी लिखा है, वह जीवन के कोलाहल के बीच एकाग्रचित होकर लिखा है, अर्थात विभिन्न ध्वनियों भांति-भांति की चिंताओं के झुरमुट में बैठकर। मैं प्रायः पुराने और प्रयोग किये जा चुके कागजों के दूसरी ओर लिखता रहा हूं और नये साफ, सपाट, बढ़िया कागज पर लिखने की बात सूझी ही नहीं। इसीलिये, शायद इसीलिये मेरे लेखन में अतीत की सुगंध आप अनुभव करेंगे, साथ ही प्रगति की नोक की चुभन और नई कोंपलों की मंद-मंद मुस्कान भी। विगत पचास वर्ष में भारत इतना बदल गया है, यहां तक कि उसके ग्रामों की व्यवस्था और रूप में इतना परिवर्तन आ गया है कि मेरे आलेखों में चित्रित कुछ रूप उन पाठकों के लिये विचित्र लगेंगे, जिन्होंने दासता की श्रृंखलाएं तोड़कर निकले भारत के ग्रामीण और कस्बाई जीवन को देखा अथवा भोगा भी नहीं है, लेकिन अभी भी भारत के जीवन की कुंठाएं और त्रासदियां वहीं हैं, विकास की सारी उपलब्धियां मिलकर भी सारे लोगों के आंसू नहीं पोंछ पाई हैं और न परम्पराओं की श्रृंखलाओं से लोग मुक्त हुए हैं।

–बाबू सिंह चौहान जनवरी 1988

**बाबू सिंह चौहान स्मृति समारोह**

6 अप्रैल 2026, सोमवार

अपराह्न 3:00 बजे से सायंकालीन चाय तक

**स्व. रतनलाल जैन सभागार**

**जैन धर्मशाला, बिजनौर**


# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर

School Code: 81912 Aff. No 2132822

हमारी विशेषताएं

- पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम वातावरण
- प्रत्येक छात्र की प्रगति पर निरंतर निगरानी
- स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से शिक्षण
- इनडोर और आउटडोर खेलों की सुविधाएं
- सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला, गणित प्रयोगशाला, कम्प्यूटर प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय
- रोबोटिक्स प्रयोगशाला




ENROLL NOW

Call:+918859232340

www.mepsnehtaur.com

झालू रोड नहटौर

प्रवेश प्रारम्भ (2026-2027)

# टिकैत को गिरफ्तार किया, भाकियू ने धरना दिया



नूरपुर



मण्डावर

**नूरपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने सोमवार देर शाम पुलिस थाने में पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि सोमवार को ओडिशा में संगठन की प्रदेशव्यापी महापंचायत का आयोजन किया गया था।**

जिसमें संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करना था, लेकिन जब कार्यकर्ताओं ने राकेश टिकैत की अगुवाई में महापंचायत शुरू होने से पहले ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालने का प्रयास किया तो ओडीशा पुलिस ने केंद्र सरकार के इशारे पर राकेश टिकैत को न केवल गिरफ्तार कर लिया, बल्कि महापंचायत को भी कुचल दिया। पुलिस की कार्यवाही से कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया तथा राकेश टिकैत की रिहाई की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ थाने में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में चन्द्रपाल सिंह, विनीत धनकड़, समरपाल सिंह, दुष्यंत यादव, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, कल्याण सिंह,कोकिल चौधरी,कावेंद्र प्रधान,लोकेश कुमार, उबेद मिकरानी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मंडावर।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा में किसानों की पंचायत में जाते हुए गिरफ्तार करने का विरोध जताते हुए कार्यकर्ता थाने पर पहुंचे और थाने के सामने धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि उड़ीसा सरकार ने किसान विरोधी नीति दिखाते हुए राकेश टिकैत को पुलिस से गिरफ्तार करा लिया है, जो बहुत ही निंदनीय है। जब तक उड़ीसा सरकार हमारे किसान नेताओं को रिहा नहीं करती, तब तक थाने पर धरना जारी रहेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व का जो आदेश होगा, उसके अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष डा. विजय चौधरी, मनोज, पंकज सहरावत, योगेश कुमार, विकार अहमद आदि कार्यकर्ता धरने पर मौजूद हैं।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भुवनेश्वर में भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में बीती रात थाने पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि राकेश टिकैट को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में किसानों के धरना प्रदर्शन में शामिल होने जाते समय गिरफ्तार किया गया है, जिससे भाकियू कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर वहां दरी बिछाकर थाने का घेराव करने के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर भाकियू किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खां, परवेज शेख, अफसर कुरैशी, आफताब, अतीक अहमद, सरफराज अहमद, मौहम्मद शादाब, वसीम अहमद, मौहम्मद रेहान आदि शामिल रहे।**



थाना परिसर में धरने पर बैठे किसान।

## नई जेसीबी मशीन में कमी को लेकर किसानों का धरना जारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के नेतृत्व में नई खरीदी गई जेसीबी मशीन में सामने आए कथित विनिर्माण दोष को लेकर किसानों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषपूर्ण मशीन को बदलकर नई पूरी तरह से सही जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं कराई जाती, तक तक धरना जारी रहेगा। धरने पर जिलाध्यक्ष बिजनौर विपिन तोमर ने कहा कि कम्पनियां बड़े-बड़े दावें करती हैं, लेकिन नई मशीन में ही दोष निकलना उनकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

## नुमाईश में लाठी-डंडे चलने से भगदड़ मची

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के राजारामपुर मार्ग पर हर्षवाड़ा के समीप चल रही नुमाईश में जमकर लाठी-डंडे चलने से भगदड़ मच गई। बताया जाता है कि नुमाईश में पार्किंग को लेकर कुछ विवाद हो गया जिस पर लाठी-डंडे चलने से झगड़ा बढ़ गया। लोगों ने नुमाईश ठेकेदार पर मनमानी करते हुए अवैध रूप से पार्किंग की आड़ में वसूली कराने का आरोप लगाया। लोगों ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100
*नियम व शर्तें लागू
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911
Dhruvika Motors

# एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने हाथ खड़े किये

# चार घंटे देरी से शुरू हुआ मतदान



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में भारी गहमा गहमी तथा एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन द्वारा वॉक आउट करने के बावजूद प्रत्याशियों द्वारा मतदान आज ही कराने के अनुरोध पर चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह टिकैत की देखरेख में मतदान चार घंटे बाद दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ।

मतदान के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होना था। अधिवक्ता सुबह साढ़े 7 बजे से मतदान करने के लिए लाइन में खड़े हो गए थे, लेकिन एल्डर्स कमेटी द्वारा चुनाव समय से नहीं कराया जा सका। समय बढ़ने पर अधिवक्ताओं का शोरगुल बढ़ता चला गया। शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए उपजिलाधिकारी रीतू रानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह, शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ बार हाल के सामने मौजूद थे। मतदान शुरू ना होने के कारण प्रत्याशियों के साथ अनेक अधिवक्ता भी बार हॉल में घुस गए, और एल्डर्स कमेटी से चुनाव कराने की मांग करने लगे। लगातार शोरगुल करने पर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत चुनाव न कराने की बात कहकर बार से चले गए। लेकिन प्रत्याशी और उनके समर्थक एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेन्द्र सिंह आज ही चुनाव कराने की मांग पर अड़े रहे। काफी शोरगुल बढ़ने पर बाबू नरेन्द्र सिंह ने राजेंद्र सिंह टिकैत को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया। राजेंद्र टिकैट ने कमेटी बनाकर चुनाव प्रक्रिया शुरू करायी। लगभग चार घंटे बिलंब से मतदान शुरू हो पाया। विलम्ब से मतदान शुरू होने के कारण बाहर से आए अनेक अधिवक्ता बिना मतदान किये वापस हो गए। इसी दौरान आनन-फानन में कराए जा रहे चुनाव को देखकर महासचिव पद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी कोमल सिंह ने घोषणा कर दी कि वह अब मौजूदा चुनावी परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसके अलावा अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे शेर सिंह भी मतदान स्थल पर नजर नहीं आए, जिस कारण आज जो रहे मतदान की वैद्यता को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, राजस्व वसूली और सफाई व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और डोर-टू-डोर कूड़ा सेग्रीगेशन की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली, राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धनराशि के उपयोग की स्थिति, विभिन्न योजनाओं में मिली धनराशि के खर्च, पेयजल पुनर्गठन योजना और सार्वजनिक व शासकीय संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के मामलों पर भी जानकारी ली। डीएम ने कान्हा गौ-आश्रय स्थलों की स्थिति, नगर निकायों में नालों की सफाई, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

Hero आवश्यकता है Hero
कुशल मैकेनिक, सुपरवाइजर,
सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
नेटवर्क मैनेजर, फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स LLP
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## सपा बनाम भाजपा

यूं तो भारतीय जनता पार्टी हर समय चुनाव के मोड में रहती है, लेकिन अब जल्द ही होने वाले पांच विधानसभा चुनावों के साथ ही 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा गंभीरता से जुट गई है। लंबे अंतराल के बाद उसने पिछड़े वर्ग में शामिल कुर्मी समाज के पंकज चौधरी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बना कर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी थी कि वह अखिलेश यादव के 'पीडीए' तथा मायावती के दलित उभार का मुकाबला करने को तैयार हो रही है। वैसे तो लंबे समय से किसी पिछड़े को भाजपा अध्यक्ष बनाने के कयास लगाए जा रहे थे, पर इनमें बिहार चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा कुर्मी समाज से आने वाले व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान समय में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का नाम सबसे आगे था। लेकिन भाजपा ने अपनी चौंकाने वाली रणनीति के अंतर्गत केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को इस जिम्मेदारी के लिए चुना जो सात बार सांसद रह चुके हैं तथा अनेक बड़े भाजपा नेताओं की पसंद माने जा रहे हैं। संगठन का कोई अनुभव न रखने वाले पंकज चौधरी इस प्रकार प्रदेश भाजपा के चौथे कुर्मी अध्यक्ष हैं। पहले इस पद पर ओम प्रकाश सिंह तथा राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विनय कटियार रह चुके हैं। पंकज चौधरी को मुख्यतः अखिलेश यादव के पीडीए-पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समीकरण का जवाब माना जा रहा है। हालांकि समय ही बतायेगा कि भाजपा का यह दांव कितना कारगर सिद्ध होता है। वर्तमान स्थिति पर गौर करें तो विगत लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा बड़ी संख्या में कुर्मियों तथा ओबीसी में शामिल कुछ और जातियों को भाजपा-विरोध में लामबंद करने में सफल हुई थी जिसके परिणामस्वरूप भाजपा को तगड़ा धक्का लगा था और सपा प्रदेश से 37 सांसद जिताने में सफल हुई थी। कांग्रेस को भी सपा का साथ रास आया था और उसे काफी सफलता मिली थी। भाजपा ने संभवतः इन स्थितियों को देखते हुए ही पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, लेकिन केवल इतने से ही सपा बनाम भाजपा का चुनावी गणित सरल होने वाला नहीं है।

# 'अन्नम ब्रह्मा' के महत्व को समझें!

**30 मार्च को अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस मनाया जाता है। अर्थ यह है कि हमें दैनिक जीवन में खाना अथवा अन्य उपयोगी वस्तुओं को व्यर्थ करने से बचना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 14 दिसंबर 2022 को इस दिवस की घोषणा की गई और 30 मार्च 2023 से दुनिया भर में 'शून्य अपशिष्ट दिवस' मनाया जाने लगा ।**

**शून्य अपशिष्ट दिवस 30 मार्च**

### भारतीय संस्कृति में एन का महत्व

भारतीय संस्कृति में अन्न यानि भोजन को अत्यंत पवित्र और जीवन का आधार माना गया है। शास्त्रों में भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि ईश्वर का स्वरूप माना जाता है। 'अन्नम ब्रह्मा' उपनिषद में भी कहा गया है कि अन्न ही ईश्वर है। भारतीय परंपरा में भी भोजन आरंभ करने से पहले और बाद में ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इतना ही नहीं अन्न का अपमान करना पाप जैसा माना जाता है, इसलिए जितना खाएं उतना लेने की शिक्षा दी जाती है। भारतीय संस्कृति में अन्न को अन्नपूर्णा का प्रसाद माना जाता है। घर में भोजन बनाने वाली गृह स्वामिनी को भी देवी अन्नपूर्णा के रूप में मान्यता दी गई है।



### फ्रिज के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना होगा

शून्य अपशिष्ट दिवस का सबसे बड़ा दुश्मन घर और होटल में प्रयुक्त होने वाले फ्रिज माने जाते हैं। वर्ष 1913 में जब पहले घरेलू इलेक्ट्रिक रेफ्रिजरेटर का निर्माण हुआ, तो इसे मानव जीवन के लिए महान उपलब्धि बताया गया था, लेकिन 100 साल के इतिहास में यह ही फ्रिज शून्य अपशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति में सबसे बड़ा बाधक बन गया है। एक आकलन के अनुसार फ्रिज में रखी गई सामग्री का केवल 40 से 50 प्रतिशत ही उपयोग होता है। यानी आधा खाना या अन्य सामग्री फेंक दी जाती है।

खाने की यह बर्बादी एक दिन को दिवस घोषित करके नहीं रोकी जा सकती। इसके लिए हमें अपने दैनिक व्यवहार और सोच में आमूल चूल परिवर्तन करना होगा। अपशिष्ट का अर्थ केवल खाना ही नहीं,बल्कि प्लास्टिक और पुराने कपड़े आदि की बर्बादी भी है, उसे यूज एंड थ्रो कल्चर ने भी सिंगल यूज प्लास्टिक को बढ़ावा दिया है, जो पर्यावरण के लिए प्रथम श्रेणी दोषी है।

### हम क्या योगदान दे सकते हैं

हम खाने के समय अपने प्लेट या थाली में उतना ही भोजन लें, जितना खा सकते हैं, विशेष कर दावतों में थोड़ा-थोड़ा लें और व्यंजनों का लुत्फ इस तरह उठाएं की फेंकने की नौबत ही न आए। रसोई के कचरे को जैविक खाद जैसे रूप में बदलें। इसके अलावा पानी की बोतल या कप, गिलास आदि रेयुजेबल रखें। सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें। पुराने कपड़े और वस्तुएं जरूरतमंदों को दान दी जा सकती हैं। डिजिटल माध्यम अपनाकर कागज की बचत करनी चाहिए।

**शून्य अपशिष्ट दिवस मात्र एक दिन का अभियान न मानें, बल्कि इसे जीवनशैली के रूप में अपनाएं। ध्यान रहे यदि हम छोटे-छोटे कदम उठाएंगे तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य के निर्माण की ओर हमारे कदम बढ़ सकते हैं, यही विश्व शून्य अपशिष्ट दिवस के लिए हमारा सहयोग होगा।**



**सत्यराज**

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं।



विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिये जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। **-ललित गर्ग**

# स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नगर निगम ने कसी कमर


# ज़मीन पर नज़र आये सफ़ाई कार्य- नगरायुक्त

## नाले-नालियों पर लगेंगे फ्लोटिंग ट्रैस बैरियर



**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नगर निगम एक अप्रैल से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए जोर-शोर से जुटेगा। नगरायुक्त शिपू गिरि ने जलकल, निर्माण, गैराज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता, सफाई और सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम द्वारा शहर में यूं तो कार्य किया ही जा रहा है, लेकिन स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए एक अप्रैल से किया गया कार्य शत-प्रतिशत दिखायी देना चाहिए। उन्होंने कूड़ा ट्रांस्फर स्टेशन से समय से कूड़ा उठान करने और उसके बाद उनकी तत्काल सफाई करने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने कूड़ाघरों एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई रखने तथा उन पर पेंटिंग कराकर उनका सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने प्रमुख स्थानों पर सफाई के साथ सेल्फी प्वांइट बनाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में सौंदर्यीकरण के लिए वेस्ट टू वंडर पार्क या कॉर्नर विकसित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त विकास धर दुबे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता जल वीबी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व अनेक विभागों के सहायक अभियंता, जेई तथा सफाई निरीक्षक व एनजीओ के वालंटियर्स आदि भी शामिल रहे।

# सभासद के आवास पर गिरा बिजली का खंभा, मची अफरा-तफरी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा स्थित जामा मस्जिद के पास सोमवार को उस समय बड़ा हादसा होते-होते बचा, जब अचानक बिजली का एक खंभा टूटकर सभासद मोहम्मद शारिक के मकान पर आ गिरा। गनीमत रही कि जिस समय खंभा गिरा, उस समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खंभा गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने भागकर जान बचाई। खंभा सीधे सभासद के मकान पर गिरा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वार्ड 28 के सभासद मोहम्मद शारिक ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में लगे लोहे के करीब 8 जर्जर बिजली खंभों के नीचे से गल जाने की सूचना पूर्व में संबंधित जेई (जूनियर इंजीनियर) को दी थी। विभाग द्वारा केवल दो खंभों की मरम्मत कराई गई, जबकि शेष खंभों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के चलते यह घटना हुई। क्षेत्र में अन्य खंभे भी गिरने की कगार पर हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र ही जर्जर खभों की मरम्मत कराने या उन्हें बदलने की मांग की है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# एक अप्रैल से बढ़ जायेगा टोल टैक्स

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए एक अप्रैल से टोल टैक्स की नई दरें लागू कर दी जाएंगी। नेशनल हाईवे अर्थोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी संशोधित दरों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के टोल शुल्क में आंशिक वृद्धि की गई है।

एनएचएआई द्वारा जारी नई दरों के तहत कार, जीप और वैन का टोल शुल्क 75 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये कर दिया गया है। हल्के वाणिज्यिक वाहन और मिनी बस के लिए टोल शुल्क अब 125 रुपये होगा। वहीं दो एक्सल बस और ट्रक का शुल्क 260 रुपये से बढ़ाकर 265 रुपये कर दिया गया है। चार से छह एक्सल वाले भारी वाहनों के लिए टोल दर 405 रुपये से बढ़ाकर 415 रुपये निर्धारित की गई है। नियमित यात्रियों को भी नई दरों का असर झेलना पड़ेगा। कार श्रेणी का मासिक पास अब 2550 रुपये से बढ़ाकर 2615 रुपये कर दिया गया है।

### कैशलेस होंगे टोल प्लाजा

एक अप्रैल से नेशनल हाईवे टोल प्लाजा को पूरी तरह कैशलेस किए जाने की तैयारी कर ली गई है। जहां नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब वाहन चालकों को टोल भुगतान के लिए फास्टैग जैसे डिजिटल माध्यम का उपयोग करना अनिवार्य होगा। यदि फास्टैग नहीं हुआ, तो दोगुना टोल देना पड़ सकता है। एसडीओ एनएचआई आशीष शर्मा ने बताया कि नई दरें आज 31 मार्च रात्रि 12 बजे से प्रभावी होंगी। सभी टोल प्लाजा पर इन्हें लागू कर दिया जाएगा। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले फास्टैग रिचार्ज अवश्य कर लें, ताकि टोल प्लाजा पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# दयानंद जनता इंटर कालेज के प्रसून और मानव गुप्ता टॉपर बने

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें जूनियर वर्ग के प्रसून कुमार शर्मा एवं सीनियर वर्ग के मानव गुप्ता सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर बने। प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6 के निशांत पुत्र संजीव कुमार शर्मा रतनपुर खुर्द, गुंजन पुत्री अमित कुमार रतनपुर खुर्द, सहदेव पुत्र राजवीर सब्दलपुर, कक्षा 7 के लक्षित कुमार पुत्र प्रदीप कुमार टूंगरी, विवेक पुत्र नितिन कुमार हीमपुर दीपा, अलीवा खातून पुत्री वसीम अहमद रेहरा, कक्षा 8 के प्रसून कुमार शर्मा पुत्र कमल कुमार शर्मा हीमपुर दीपा, सूर्यांश कुमार पुत्र संजय सिंह हीमपुर दीपा, परिधि शर्मा पुत्री संजीव शर्मा रतनपुर खुर्द, कक्षा 9 के मानव गुप्ता पुत्र तरुण गुप्ता हीमपुर दीपा, अनुभव शर्मा पुत्र प्रभाकर हीमपुर दीपा, ऋषभ कुमार पुत्र अर्जुन सिंह उलेढा तथा कक्षा 11 के मोहम्मद अनस पुत्र अली इदरीसी, उस्मान टूंगरी, दीक्षा पुत्री ताराचंद मिर्जापुर खादर, रुचि शर्मा पुत्री दिनेश शर्मा मिर्जापुर खादर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य श्री सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र दिये

## नये केंद्रों का लोकार्पण किया



सभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह बॉबी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण, स्मार्टफोन वितरण, बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद स्तर पर 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र और 37 कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण और बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी देश सेवा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी, ऑनलाइन और योग्यता आधारित रही है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि खंड विकास स्तर पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर कुल 858 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र और 337 कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुबे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# स्वामी रामानुज सरस्वती बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

## संत समाज ने चादर विधि कर किया महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** सिद्ध पीठ आनन्द वन समाधि के परमाध्यक्ष स्वामी रामानुज सरस्वती महाराज को निरंजनी अखाड़े का महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया है। ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद सरस्वती महाराज की 36वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सिद्ध पीठ आनन्द वन समाधि में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने चादर विधि कर स्वामी रामानुज सरस्वती का महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महामंडलेश्वर बेहद गरिमामयी पद है। नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती विद्वान संत हैं। महामंडलेश्वर बनने के बाद वे निरंजनी अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने में योगदान करेंगे।

## सनातन को मजबूत करने में संतों की बड़ी भूमिका : मदन कौशिक

नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती महाराज ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संत परंपराओं के अनुरूप महामंडलेश्वर पद की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में निरंजनी अखाड़े की उन्नति में योगदान करेंगे।

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि सनातन को मजबूत करने में संतों की बड़ी भूमिका है। महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती धर्म और अध्यात्म की धारा को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरि महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती संत परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाज में धर्म और अध्यात्म के प्रचार प्रसार में योगदान करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज किशोर सिन्हा ने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य और आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मकता आती है। मेयर किरण जैसल, महंत बलवंत सिंह, महंत देवानंद सरस्वती, महंत राज गिरि, महंत महेश पुरी, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, भक्त दुर्गादास, महंत केदारपुरी, महंत शुभम गिरि, महंत गंगादास, स्वामी सतीश वन, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, महंत अरूण दास, स्वामी सुरेश मुनि, महंत रूपेंद्र प्रकाश ने भी महामंलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती को शुभकामनाएं दी। स्वामी अनंतानंद गिरि, स्वामी आत्मानंद, स्वामी दिग्रानंद और आश्रम के ट्रस्टियों ने फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया।



## शिक्षिका सविता रानी को दी भावभीनी विदाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज में प्रवक्ता जीव विज्ञान श्रीमती सविता रानी के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का वातावरण भावनाओं और सम्मान से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने सविता मैडम को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मैडम के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रति उनके समर्पण को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर शिक्षिका नीरज, अमृता मैडम आदि ने अपने प्रेरणादायक भाषणों में सविता मैडम के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार की प्रशंसा की। समारोह में सविता मैडम के पति श्री डी.के. गहलोत जी ने भी भावुक भाषण दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## अक्षय तृतीया को ब्राह्मण सभा द्वारा निकाली जायेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**धामपुरी ( चिंगारी )।** 19 अपैल को अक्षय तृतीया पर नगर में भगवान परशुराम शोभायात्रा का आयोजन ब्राह्मण सभा, धामपुर द्वारा किया जाएगा। इस संदर्भ में ब्राह्मण सभा धामपुर के सभी पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने एवं भगवान परशुराम शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए अनिल शर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा के निवास पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा में जनपद के सुबोध पाराशर पूर्व एमएलसी, डॉ. केके मिश्रा डायरेक्टर कोठीवाल डेंटल कॉलेज मुरादाबाद,रोहित गौतम समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता, राजेंद्र पाराशर प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड, पंकज भारद्वाज प्रधान संपादक पब्लिक इमोशन, लोकेश भारद्वाज प्रदेश प्रवक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, आचार्य शशिकांत वशिष्ठ शिव कथा वाचक, शरद शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश, सुनील दत्त शर्मा बास्टा, कपिल शर्मा जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम सेना, रोहित भारद्वाज युवा ब्राह्मण नेता के अलावा राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की ब्राह्मण संगठन की महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों को स्थानीय मातृशक्ति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जितेंद्र शर्मा बबलू, सचिन दत्त शर्मा, नगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर महामंत्री नवचेतन शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा,डॉ जे के कौशिक, गौरव दुबे, पवन कौशिक जी महाराज, आर्यन दीक्षित, हर्ष राणा आदि ने अपने विचार रखें।



## शत्-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा फल कार्यक्रम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष प्रबन्ध समिति व प्रधानाचार्या श्री मती आभावती द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना द्वारा किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर निम्न छात्राएं रहीं। वंशिका पाल, आरुषी यादव, गुंजन सिंह, सताक्षी कौशिक, हर्षिका, नैना चौहान, संस्कृति तोमर, कनक ठाकुर, पीहू गुप्ता, पर्णिका चौधरी, प्रतिभा सैनी, वंशिका, भूमिका राजपूत, स्वरा भारद्वाज, अलिदा, वर्णिका, प्रियंका अग्रवाल, पल्लवी, वृतिका, अंशिका रानी, उन्नति, विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। रश्मि जी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिये मंगल कामना की व शुभकामनाएं दीं। राकेश जी ने छात्राओं को समय का महत्व समझाया व उन्नति करने की प्रेरणा दी।

## महावीर जयंती पर नगर में निकाली गई पालकी यात्रा



**धामपुर ( चिंगारी )।** धर्मनगरी में भगवान महावीर का 2625 वां जन्मकल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह श्री जी का पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ, जिसमें शांतिधारा की बोली स्वर्ण कलश द्वारा श्री सुधाकर जैन ने ली, रजत कलश की श्री अनिल जैन ने ली। तत्पश्चात नगर में श्री जी की पालकी यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर होकर श्री शांतिनाथ मन्दिर में पहुंचकर समाप्त हुई। जिसमें ध्वजारोहण की बोली निखिल जैन, प्रथम इंद्र की बोली प्रवीण जैन, द्वितीय इंद्र की बोली दिवाकर जैन, मंगल कलश अरिहंत जैन, आरती की बोली पंकज जैन द्वारा ली गई। समस्त कार्यक्रम श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर समिति द्वारा सकल जैन समाज के सहयोग से आयोजित की गई।

## रानी फूल कुमारी स्कूल के स्काउट-गाइड कैम्प का समापन



**धामपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद मार्ग स्थित रानी फूल कुमारी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को भव्य समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, सेवा और स्वावलंबन का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान मुख्य प्रशिक्षिका ऋतु कुमारी और पुष्पा चौहान के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग के विभिन्न गुर सिखाये गए। समापन के अवसर पर बच्चों ने टोली बनाकर, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड), और विभिन्न प्रकार की गाँठें लगाने की कला का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षिका ऋतु कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में चारित्रिक विकास और सेवा भावना जागृत करना है। वहीं पुष्पा चौहान ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस कठिन प्रशिक्षण में बच्चों ने विषम परिस्थितियों में धैर्य के साथ कार्य करना सीखा। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण बच्चों का अनुशासन रहा, विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# वर्धमान कॉलेज में अण्डर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में सोमवार को शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा दो दिवसीय तीसरा राजेन्द्र कुमार जगत प्रकाश मैमोरियल अण्डर 14 वर्ष लड़कों का क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी तथा प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में मेरठ, धामपुर, किरतपुर, मुरादाबाद, बहसूमा, बिजनौर, नूरपुर, हल्दौर की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। पहले दिन वर्धमान कालेज (ए) टीम बनाम किरतपुर एकेडमी के मध्य हुआ, इसमें वर्धमान कालेज की (ए) टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। प्रलभ ने 117 तथा हिमांशु ने 29 रनों का योगदान दिया। जवाब में किरतपुर की टीम मात्र 43 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गयी। वर्धमान कालेज (ए) टीम ने 159 रनों से मैच जीता। दूसरा मैच धामपुर बनाम वर्धमान कालेज (बी) टीम के मध्य हुआ। वर्धमान कालेज की (बी) टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में मात्र 66 रन बनाये। जवाब में धामपुर ने मात्र 12 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस अवसर पर मानव सचदेवा मीडिया प्रभारी, प्रो. शशिप्रभा, डा. रेनू शर्मा, डा. शिवानी शर्मा, डा. चेतना शाक्य, डा. आयुष, डा. यश चौहान, डा. प्रशान सिंह, डा. अचिन्त्य कुमार गुप्ता, रजत शर्मा, मोहसिन खान, कोच अमित श्रीवास्तव, वीसीए (सलाहकार) मुकुन्द शर्मा, राजू व बिशन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त ओएसडी कृष्ण कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

## डीएम ने की कार्यकाल की सराहना



**बिजनौर (चिंगारी)।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार शाम आयोजित कार्यक्रम में ओएसडी कृष्ण कुमार (के.के.) के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित सहित कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कृष्ण कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ किया है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे समाज और देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर उलेढा का परीक्षाफल घोषित




**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर उलेढा में वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से सभी मेधावी भैया-बहनों को पुरस्कार वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने सामूहिक रूप से भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। समारोह में प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि कक्षा उदय के परी, शिवांगी, अनु, कक्षा प्रभात के तनुज पाल, ययाधि, शिवांश, कक्षा प्रथम के आयुष, भूमिका, कार्तिक, कक्षा द्वितीय के नेहा, दिव्यांशी, अनवी, कक्षा तृतीय के विधि विधान प्रियांशु, कक्षा चतुर्थ के दिव्या, विधि, प्रियांशु, कक्षा पंचम के र्त्तिक, आयुष, परिधि, कक्षा षष्ठ के रचित, दर्शनिका, तृप्ति, कक्षा सप्तम के राधिका, यशिका, गुंजन और कक्षा अष्टम के प्रेरणा, तानी, लव सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधक अजीत सिंह ने अभिभावकों को जागरुक करते हुए भैया बहनों के नैतिक और सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम को विद्यालय संरक्षक अजय, अमीन अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह इंजीनियर, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह के अलावा भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

# राकेश टिकैत की गिरफ्तारी का विरोध

## हुक्का लेकर हीमपुर दीपा थाने पर पहुंच गये किसान



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की खबर से भाकियू कार्यकर्ता भड़क उठे और ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण सिंह के नेतृत्व में हुक्का-पानी लेकर सभी कार्यकर्ता हीमपुर दीपा थाने जा पहुंचे और धरना देकर वहीं बैठ गए। धरनारत कार्यकर्ताओं की ओर से एक मांग-पत्र पुलिस को सौंपा गया, जिसमें राकेश टिकैत को अतिशीघ्र रिहा करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि अगर उन्हें रिहा न किया गया तो देश में यह आंदोलन उग्र रूप से चलाया जाएगा। धरने में अरुण कुमार, संसार सिंह, मोनू, मुकेश, देवेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह आदि भारतीय कार्यकर्ता और किसान शामिल रहे।

# गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी की सड़क हादसे में मौत पर शोक

**खासपुरा (चिंगारी)।** शुक्रवार को नूरपुर-बिजनौर रोड पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार 35 वर्षीय ज्ञानी चतर सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर दुर्गा थाना कोतवाली शहर की मौत हो गई थी। चतर सिंह के निधन से न्यू गुरुद्वारा सिंह सभा की प्रबंधक कमेटी और संगत ने उनकी आत्मिक शांति के लिए गुरु घर में अरदास की और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ज्ञानी चतर सिंह पिछले 1 वर्ष से गुरुद्वारे में हेड ग्रंथी के तौर पर अपनी सेवा दे रहे थे। बैसाखी पर्व के उपलक्ष में मनाए जाने वाले सालाना गुरु पर्व 17 अप्रैल की तैयारी में लगे हुए थे। गुरुद्वारे में प्रधान हरविंदर सिंह काका, अरविंदर सिंह राजू आदि संगत ने बताया कि ज्ञानी जी बहुत ही नेक और उच्च विचार वाले ग्रंथी थे और वह गतका खेलने के बहुत शौकीन थे। बच्चों को रोज शाम को गतके की शिक्षा देते थे और गुरुद्वारे में गुरुमुखी भी बच्चों को पढ़ाते थे, जिससे काफी संख्या में बच्चे गुरुमुखी पढ़ने और गतका खेलना सीख रहे थे। इस दुखद घटना से गांव की सिख संगत काफी दुखी है और उनकी आत्मा की शांति के लिए गुरुद्वारे में पाठ कर रही है।

**आत्मिक शान्ति के लिये अरदास की**

# देवता महाविद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न



**नूरपुर (चिंगारी)।** देवता उच्च शिक्षा प्रचार समिति, देवता महाविद्यालय प्रबंध समिति मोरना के चुनाव हेतु हुए मतदान में अध्यक्ष पद पर कुंवर रवेन्द्र सिंह व सचिव पद पर वींरेंद्र कुमार सिंह दूसरी बार सचिव निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार द्विवेदी एडवोकेट द्वारा घोषित चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित कुंवर रवेन्द्र सिंह को 46, उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह को 47, सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह को 47, उपसचिव रामअवतार सिंह को 46, बलवंत सिंह कोषाध्यक्ष को 46, सदस्य पद पर कैलाश सिंह को 45, प्रदीप कुमार को 45, महेश सिंह को 46, समरपाल सिंह को 46 मत प्राप्त हुए। डॉ. लोकवीर सिंह प्राचार्य को पदेन सदस्य, डॉ. सूरजभान सिंह व सुनील कुमार को पदेन शिक्षक प्रतिनिधि तथा प्रदीप कुमार को पदेन सदस्य चुना गया। साधारण सभा के 91 सदस्यों में से 19 सदस्य अनुपस्थित रहे। 48 सदस्यों ने मतदान में प्रतिभाग किया। 47 मतपत्र वैद्य तथा 1 मतपत्र अवैध पाया गया। निर्वाचित प्रबंध समिति का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# डॉ. राखी की किले पर सफाई की मुहिम को लोगों ने लगाये पंख

## बड़ी संख्या में लोगों ने सफाई अभियान में किया श्रमदान



किले पर डॉ. राखी के सफाई अभियान में सहयोग को पहुंचे लोग।

नजीबाबाद (चिंगारी)। सखी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं समाजसेविका डॉ. राखी आनंद अग्रवाल की पहल पर ग्राम घिसटपुरी स्थित पत्थरगढ़ किले की सफाई अभियान में शामिल होने के लिए नगर की स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ काफी संख्या में स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर अपना योगदान दिया। समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल ने 30 मार्च को सुबह पत्थरगढ़ (सुल्ताना डाकू का किला) पर सफाई व सौंदर्यकरण अभियान चलाने की घोषणा की थी। उन्होंने शहर की प्रकृति, इतिहास व विरासत से प्यार करने वाले सभी लोगों से इस कार्य में हिस्सा लेने की अपील की थी। डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने सोमवार को सुबह अपनी टीम के साथ किले पर पहुंचकर इस अभियान की शुरूआत की। इस अभियान में प्रतिभाग करने के लिए नजीबाबाद की स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में पहुंचकर डॉ. राखी अग्रवाल की इस मुहिम को पंख लगा दिये। सभी ने पूरे किले का भ्रमण कर वहां फैले कचरे प्लास्टिक की पन्नी, चिप्स व बिस्कुट आदि के खाली पैकिट, गुटखे के रैपर सहित काफी कूड़ा कचरा एकत्र कर वहां एक स्थान पर जमा किया। इस कार्य में एसडीएम शैलेंद्र कुमार का सहयोग भी सराहनीय रहा। डॉ. राखी अग्रवाल व डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि पत्थरगढ़ का किला नजीबाबाद की ऐतिहासिक धरोहर है। यहां साफ-सफाई की रखने की जिम्मेदारी प्रशासन व संबंधित विभाग के साथ शहर के प्रत्येक नागरिक की है। पूर्व में सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किले के संरक्षण के लिए किये गये कार्य जैसे बाउंड्री वॉल की मरम्मत, कार्यालय व पानी की हौज का निर्माण सराहनीय कदम है। यह इस ऐतिहासिक किले को एक बेहतर टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। किले पर आने वाले पर्यटकों के लिए अन्य व्यवस्थाएं करनी चाहिए। जिससे इस किले व नजीबाबाद का नाम रोशन हो। इस मौके पर डॉ. राखी के साथ डॉ. संदीप अग्रवाल, नॉर्थ इंडिया के एमडी अवनीश अग्रवाल, रमा जैन कन्या महाविद्यालय के निदेशक डॉ. केसी मठपाल, शिक्षिका डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. पूनम अग्रवाल, द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बख्श, हर्षित शर्मा, यश त्रिवेदी, मीनाक्षी जैन, नीरज, रिंकू, योगाचार्य अरूण, पूजा अस्पताल का स्टाफ, बेडमिंटन व ताईक्वांडो खिलाड़ी, शहर के जागरूक नागरिक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बसपा नेता की पुत्री अदिति व पुत्र अरनव ने कक्षाओं में प्रथम स्थान पाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा वाल्मीकि बस्ती निवासी बसपा के विधानसभा प्रभारी नरेंद्र कुमार रवि की पुत्री अदिति ने पांचवी कक्षा तथा पुत्र अर्णव कुमार ने तीसरी कक्षा में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमडीकेवी इण्टर कालेज की कक्षा-5 की छात्रा अदिति ने सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में 1100 में से 1014 अंको के साथ 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया जिस पर उसे स्कूल में उपहार देकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र कुमार रवि के पुत्र अरनव कुमार ने मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर में कक्षा तीन में वार्षिक परीक्षा में 1200 में से 1141 अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्या अरुणा कौशिक व प्रबंधक डॉ. अतुल सक्सेना व नीरज जैन अरनव को उपहार व प्रशस्ति पत्र तथा 4400 रूपए का चेक देकर सम्मानित किया। इस अवसर चित्रा राकेश, नरेंद्र कुमार रवि अदिति, नीरज जैन, सुषमा जैन, रितु महिंद्रा, हिमानी, नताशा आदि उपस्थित रहे।

## विधायक हाजी तसलीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर का जायजा लिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंचकर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। विधायक ने चिकित्सकों से जरूरी सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराने तथा उनकी उचित देखभाल करने को कहा। विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा अस्पताल में आवश्यक आधुनिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर जाहिद अंसारी, शराफत हुसैन एडवोकेट, अनवर खान मंसूब, नितिन कश्यप सहित अस्पताल के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## पहला मैच बैंक विभाग व दूसरा मैच बार एसोसिएशन की टीम ने जीता

नजीबाबाद (चिंगारी)। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ स्टैब्स ग्राउंड में अतिथि सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल द्वारा फीता काटकर किया गया। समारोह में प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मयांशि, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर आदि द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। अंपायर फैसल अली व संतोष सिंह की निगरानी में प्रथम मैच बैंक विभाग व नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाकर जीत हासिल की। 139 रन बनाकर नगर पालिका टीम ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच अंपायर फैसल अली व विनीत कुमार विक्की की निगरानी में बार एसोसिएशन व विद्युत विभाग की टीम के बीच खेला गया। विद्युत विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुये 243 रन बनाएं। एक विकेट से बार एसोसिएशन की टीम ने मैच जीता। इस अवसर पर सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल, अनवार अंसारी, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, कसीम एडवोकेट, नाजिम, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, अयान सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद विशाल, अनवर अंसारी, हिना अग्रवाल, विनीता आदि मौजूद रहे।



कैप्शन-विनर टीम को ट्रॉफी देते अतिथि।

# साधारण परिवारों के होनहारों ने किया जिले का नाम रोशन




## क्लर्क का पोता बना सहायक कमिश्नर

### परिवार में खुशी की लहर



**मंडावर ( चिंगारी )।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मंडावर में क्लर्क के पद पर तैनात रहे आशाराम शर्मा के पौत्र उज्जवल शर्मा ने कड़ी मेहनत से यूपी पीसीएस में 133 वीं रैंक प्राप्त करके अपने खानदान का नाम रोशन किया है। उज्जवल शर्मा को वाणिज्य कर विभाग में सहायक कमिश्नर बनाया गया है।

मंडावर के मोहल्ला बाजार कलां में रहने वाले आशाराम शर्मा का परिवार एक शालीन व सभ्य परिवार के रूप में पहचान रखता है। आशाराम शर्मा महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके बड़े बेटे सुनील शर्मा यहां पर इलेक्ट्रानिक की दुकान करते थे। बाद में वह एसबीआई में मैनेजर के रूप में कार्यरत हो गए। यूपीपीसीएस की 133वीं रैंक प्राप्त करने वाले उज्जवल शर्मा दो भाई हैं। उनका छोटा भाई प्रज्वल शर्मा नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। माता नीलम शर्मा और पिता सुनील शर्मा के बेहतरीन संस्कार और शिक्षा की बदौलत उज्जवल शर्मा ने आज इस मुकाम को हासिल किया है। उज्जवल शर्मा और पिता सुनील शर्मा अब बिजनौर में रामबाग कालोनी में रहते हैं। उज्जवल शर्मा के यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर वाणिज्य कर विभाग में सहायक कमिश्नर बनने पर कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई है और उनके परिवार को फोन पर बधाइयां देने का सिलसिला जारी है।


उज्जवल शर्मा के माता-पिता

## किसान का बेटा बना टैक्स ऑफिसर



### प्रमिन्दर ने यूपीपीएससी परीक्षा में पायी 43वीं रैंक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना निवासी प्रमिंदर कुमार तोमर ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की परीक्षा में 43वीं रैंक हासिल की है। उनका चयन कामर्शियल टैक्स ऑफिसर के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर उनके परिजनों में खुशी छाई हुई है तथा परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रमिंदर के पिता सतबीर सिंह किसान हैं और माता गृहिणी हैं। उनकी दो विवाहित बहनें हैं। उनके बड़े भाई बिजनौर पॉलिटेक्निक में लेक्चरर हैं। प्रमिंदर विवाहित हैं और उनका एक बच्चा भी है। प्रमिंदर कुमार तोमर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चांदपुर में प्राप्त की। उन्होंने 2007 में चांदपुर के हिंदू इंटर कॉलेज से 12वीं कक्षा में टॉप किया था। वह 2014 से बीएसएनएल में कार्यरत हैं। वर्तमान में प्रमिंदर बीएसएनएल टिहरी में कनिष्ठ अधिकारी (जूनियर इंजीनियर) के पद पर तैनात हैं। इस उपलब्धि पर उनके घर बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। राष्ट्रीय लोकदल के युवा नेता हनी तोमर ने उनके घर पहुंचकर माता-पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## किसान की बेटी बनी वाणिज्य कर अधिकारी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर क्षेत्र के गांव मंगोलपुरा निवासी किसान तुकमान सिंह यादव की होनहार बेटी रीता यादव ने पीसीएस परीक्षा परिणाम में 104वी रैंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिजनों के अनुसार रीता यादव ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा नूरपुर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलिज से प्राप्त की। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चांदपुर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर दरबाड़ा स्थित डिग्री कॉलिज से स्नातक की परीक्षा पास की। बताया गया कि रीता यादव इससे पूर्व दो बार यूपीएससी की परीक्षा भी दे चुकी है। रीता ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर वाणिज्य कर अधिकारी बनकर जनपद व गांव का नाम रोशन किया है। रीता यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता को दिया। रीता के पिता तुकमान सिंह यादव साधारण किसान हैं तथा गांव में ही कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी बचपन से ही पढ़ाई में तेज थी तथा स्कूल की परीक्षा में भी हमेशा परिवार का नाम रोशन करती रही है। रीता के पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने की खबर सुनकर कोमल सिंह यादव व आसपास के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।




## अंकित कुमार का ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर चयन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अगर विश्वास व लगन के साथ मेहनत की जाती है, तो सफलता अवश्य मिलती है। नजीबाबाद में हाल ही में नवचयनित आईएएस शगुन कौशल ने नजीबाबादवासियों को गौरवान्वित किया। नगर में एक ओर होनहार बेटे का चयन पीसीएस अधिकारी बीडीओ के पद पर हुआ है। नजीबाबाद में प्रताप सिंह सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सरिता सिंह अध्यापिका निवासी आदर्श नगर गली ए-12 के पुत्र अंकित कुमार का पीसीएस में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर चयन हुआ। इस पर अंकित के परिजनों को शुभकामनाएं देने वालों का उनके घर पर तांता लगा हुआ है। अंकित ने 54 वीं रैंक प्राप्त की है।

## फोर्थ क्लास कर्मचारी का बेटा बना डिप्टी जेलर



**किरतपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) परीक्षा में होनहार आकाशदीप का निवासी मोहल्ला अंबेडकरनगर बसी किरतपुर (बिजनौर) 49वीं रैंक हासिल कर डिप्टी जेलर के लिए चयन हुआ है। उनकी शुरुआती पढ़ाई कक्षा एक से कक्षा 5 तक सेंट पीटर किरतपुर में तथा कक्षा 6 से 12वीं तक वीएसडी पब्लिक स्कूल बिजनौर तथा स्नातक की डिग्री दिल्ली यूनिवर्सिटी से की है। आकाशदीप एक साधारण परिवार में जन्मे। पिता नरेश कुमार कृषि उत्पादन मंडी समिति में फोर्थ क्लास के कर्मचारी हैं, माता जी ग्रहिणी हैं। उनकी सफलता से उनके परिवार व मोहल्ले में खुशी का माहौल है और उनके माता-पिता को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और परिवार के लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई। आकाशदीप के इस सफलता ने किरतपुर में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## भगतावाला के अमन राणा बने नायब तहसीलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** यूपीपीएससी के घोषित हुए परीक्षा परिणाम के मुताबिक थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी स्व. डॉ. विनोद कुमार राणा एवं संविलियन विद्यालय



जय सिंह जोत में कार्यरत सहायक अध्यापिका श्रीमती रेखा देवी के पुत्र अमन कुमार राणा ने यूपीपीसीएस परीक्षा पास कर नायब तहसीलदार के पद पर चयन सुनिश्चित किया है। अमन कुमार राणा की इस सफलता पर जहां एक ओर परिवार में हर्ष का माहौल है, वहीं गांव में भी खुशी की लहर है और उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। संविलियन विद्यालय जयसिंह जोत के शिक्षक राकेश कुमार सहित अनेक शिक्षकों ने भी अमन राणा की इस कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी है।

# बीपीएस का परीक्षाफल घोषित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भगवंत पब्लिक स्कूल, (बीपीएस) नूरपुर रोड, चांदपुर का परीक्षा फल घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और अनुशासन से ही प्राप्त होती है। उन्होंने सभी छात्रों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के स्वस्थ जीवन को ध्यान में रखते हुए उन्हें टूथपेस्ट एवं टूथब्रश का वितरण भी किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह एवं चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह ने सभी



विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।

# चढ़त के दौरान हुये विवाद में बारातियों पर किया पथराव, कई घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बाकरपुर में आई बारात में चढ़त के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर घरातियों तथा बारातियों में विवाद हो गया। इस बीच घरातियों ने बारातियों पर पथराव कर दिया और लकड़ी की फंटियों (पट्टियों) से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दूल्हे के चाचा तथा चचेरे भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नांगल थानांतर्गत ग्राम बाकरपुर में कल तसलीम की पुत्री की बारात नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंगला उभ्भन उर्फ उभ्भनवाला से शमशीद के यहां से आई थी। बारात की चढ़त के दौरान दूसरी बिरादरी के कुछ घराती लड़के भी डीजे पर नाचने चले गये थे। नाचते हुए किसी बाराती की कोहनी घराती किशोर को लग गई ,जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। उस समय तो ग्रामीणों ने विवाद को शांत करा दिया। मगर शाम के समय बारात जब उन किशोरों के घर के सामने पहुंची, तो उनके परिजनों ने छत से बारातियों पर पथराव कर दिया। साथ ही लकड़ी की फंटियों (पट्टियों) से भी बारातियों पर हमला कर दिया। कई बाराती घायल हो गये। कुछ के सिर फट जाने से वे लहूलुहान हो गये तथा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि चार घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिये समीपुर (नजीबाबाद) भिजवाया। वहां से दूल्हे के चाचा शमशाद तथा उसके पुत्र महताब को गंभीर रूप से ज़ख्मी होने के कारण जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया। जबकि साहिल पुत्र खुर्शीद एवं नौशाद पुत्र शमशाद को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि शमशाद की तहरीर पर अफजल पुत्र नवाब, अयान निवासी ग्राम बाकरपुर एवं अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाई पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर गढ़वाल पुलिस ने चालकों के विरुद्ध एम वी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ ही 4 वाहनो को भी सीज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात नियमों का उलंघन करने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कल शाम अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पौड़ी में एक, कोटद्वार में तीन वाहन चालकों को नशे में पाया गया। चारों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही उनके वाहन भी सीज कर दिए हैं।








# 2 अप्रैल को हनुमान धाम पर होगा भव्य आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध हनुमान धाम पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाए जाने की तैयारी चल रही है। हनुमान धाम के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान ने जानकारी देते हुए बताया हनुमान धाम पर 1 अप्रैल सुबह 8 बजे से अखंड रामायण का पाठ शुरू होगा जो 2 अप्रैल को 12 बजे संपन्न होगा। उसके बाद हवन पूजन होगा तथा रात्रि में 8 बजे से हनुमान धाम पर प्रत्येक वर्ष की तरह भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।




# घोषित हुआ परीक्षा परिणाम, मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 में दिव्या, इकरा, सुहानी, पारुल, शालू एवं शुमायला ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 9 में नेनसी, सोनिया, उन्नति, रंजना एवं कनक रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किये। कक्षा 8 में चांदनी, कक्षा 7 में रिदा परवीन तथा कक्षा 6 में तुबा मेराज ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सराहना प्राप्त की। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा अध्यापिकाएँ नीरज, पुष्पा एवं रुचिका भी उपस्थित रहीं।




# कांग्रेस विधि विभाग की जिला कार्यकारिणी का ऐलान



**बिजनौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ द्वारा जिला विधि विभाग बिजनौर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत कुमार गोयल को जिला चेयरमैन, राकेश कुमार अग्रवाल एड. को प्रभारी तहसील नगीना, शोएब अख्तर एड. को प्रभारी तहसील बिजनौर, प्रदीप कौशिक को प्रभारी तहसील धामपुर, मुकुल माहेश्वरी को प्रभारी तहसील नजीबाबाद एवं सीपी सिंह को प्रभारी तहसील चांदपुर नामित किया गया है। ये सभी जिला को-चेयरमैन भी रहेंगे। इनके अलावा जहीर खान एड. नगीना को जिला संयोजक, अजय शर्मा एड. बिजनौर को जिला सहसंयोजक बिजनौर शहर, राजीव त्यागी एड. को जिला सह संयोजक ग्रामीण, निसात अहमद एड. को जिला सहसंयोजक नगीना शहर, अभिषेक मिश्रा एड. को जिला सहसंयोजक नगीना ग्रामीण, मुख्तार अंसारी एड. को जिला सहसंयोजक बढ़ापुर ग्रामीण, मनोज कुमार शर्मा एड. को जिला सहसंयोजक नहटौर शहर, रामअवतार सिंह एड. को जिला सहसंयोजक नहटौर ग्रामीण, कुशाग्र अग्रवाल एड. को जिला सहसंयोजक धामपुर शहर, अहमद जकावत एड. को जिला सहसंयोजक चांदपुर शहर, मौ. फैजान उर्फ शब्बू एड. को जिला सहसंयोजक चांदपुर ग्रामीण, निसार अहमद एड. को जिला सहसंयोजक नजीबाबाद शहर, वेदप्रकाश आर्य एड. को जिला सहसंयोजक नजीबाबाद ग्रामीण तथा शहजाद अली एड. को जिला सहसंयोजक नूरपुर शहर मनोनीत किया गया। इनके अलावा जिला महासचिव व जिला सचिव भी नामित किये गये हैं। मो. नासिर अंसारी एड. को जिला कोषाध्यख विधि विभाग, गुलसिताब एड. को जिला प्रवक्ता, विनीत त्रिपाठी एड. एवं मुशब्बिर हुसैन एड. को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# मां का हाथ पकड़कर सड़क पार कर रहे बालक की दुर्घटना में मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )**। मां का हाथ पकड़कर हाईवे पार कर रहे बालक की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई। कल दोपहर रेनू पत्नी सोनू निवासी जाब्तागंज नजीबाबाद अपने पांच वर्षीय पुत्र आरुष के साथ प्राइवेट बस से मायके ग्राम शाहपुर सुक्खा जा रही थी। गांव के सामने बस से उतरकर आरुष रेनू अपने पुत्र आरुष का हाथ पकड़कर हाईवे पार कर रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित बाइक सवार ने आरुष को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अरुष को लेकर स्वजन किरतपुर के कल्याणी अस्पताल में पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरुष कि मौत की ख़बर सुनते ही उसकी ननिहाल और घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।





# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**चांदपुर ( चिंगारी )**। लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर में वार्षिक परीक्षाफल प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती उर्वशी कर्णवाल, श्रीमती पलक अग्रवाल, सुनील शर्मा कोषाध्यक्ष, आशीष शर्मा, मेघा शर्मा (प्रवक्ता ) मनोज कौशिक आदि ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी/ भैया बहनों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सुभाषचंद्र ने किया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# रमा जैन की छात्राओं ने किले पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। रमा जैन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पत्थरगढ़ किले पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सखी वेलफेयर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को बताया गया कि पत्थरगढ़ किले का निर्माण सन् 1750 में नवाब नजीबुद्दौला द्वारा रियासत की रक्षा करने के लिए करवाया गया था। जिसे वर्तमान में सुल्ताना डाकू के किले के नाम से भी जाना जाता है। यह किला नजीबाबाद शहर की अमूल्य धरोहर है, जिसको संरक्षित करना नजीबाबादवासियों का कर्तव्य है। शिविर में महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल, श्रीमती ज्योति पाल, डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, श्रीमती सुनीता, जेवरिया, श्रीमती तबस्सुम, डॉ. नेहा गौड़ सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारीता निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयं सेविकाओं ने भी डॉ. राखी आनंद के साथ कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में किया गया।

# स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम पेश किये

**नूरपुर ( चिंगारी )**। एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदाफल में चौथा वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, चेयरमैन पवन सिंह, विद्यालय के मैनेजर निखिल कुमार व प्रधानाचार्य रुचि सिंह ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वार्षिक परीक्षाफल में स्थान बनाने वाले बच्चों शाश्वत कुमार को अशोक कटारिया ने सम्मानित किया। कार्यक्र में आए अतिथियों व अभिभावकों ने स्कूल की व्यवस्थाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर सराहना की तथा प्रधानाचार्य रुचि सिंह को एक बेहतरीन प्रशासक बताते हुए गांव में सीबीएसई स्कूल स्थापित करने के लिए स्कूल के संचालक की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने स्कूल के शीर्ष तीन टॉपरों शाश्वत कुमार, तेहरीम व अक्षय कुमार को शील्ड व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।






# टिकैत की रिहाई के बाद धरना किया समाप्त

**नांगल सोती (चिंगारी)। ओडिशा में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत की गिरफ्तारी से आक्रोशित भाकियू कार्यकर्ताओं ने नांगल थाने का घेराव करते हुए गेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया। राकेश टिकैत को छोड़े जाने के बाद देर रात्रि में धरना समाप्त हुआ।**

ओडिशा में किसान महापंचायत में शामिल होने जा रहे देश के प्रमुख किसान नेता एवं भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत को अन्य किसानों के साथ कल गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया था। शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर कल शाम लगभग सवा छह: बजे आक्रोशित भाकियू कार्यकर्ता नांगल थाने पर पहुंचे और गेट के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना था कि बीजेपी की सरकारें किसान विरोधी रवैया अपनाते हुए


थाने के गेट के सामने धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता।

तानाशाही पर उतरी हुई हैं। रात्रि में चौ. राकेश टिकैत को ससम्मान छोड़ दिये जाने तथा उनका वीडियो संदेश प्राप्त होने पर साढ़े दस बजे धरना समाप्त कर दिया गया। भाकियू के पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश कुमार, जिला महासचिव नरदेव सिंह, प्रमोद कुमार 'बब्लू', धर्मेन्द्र कुमार 'भूरे', अमरीश कुमार, अंकुर देशवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय बालियान 'गुड्डू', रोहित कुमार, मंडल उपाध्यक्ष (युवा वर्ग) मुकुल सहरावत, शेखर सिंह, सुनील कुमार, विजय पहलवान, तुषार अहलावत, मौ. साजिद, शिवकुमार सहरावत, मनजीत सिंह, राहुल कुमार, ज्ञान सिंह सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुहाई है दुहाई, चोरों ने मस्जिद से गुल्लक चुराई

**नांगल सोती (चिंगारी)।** चोरों ने अल्लाह के घर को भी नहीं बख्शा और ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा की नूरानी मस्जिद से लोहे की गुल्लक (दानपात्र) चोरी करके ले गये। मस्जिद कमेटी के अनुसार गुल्लक में करीब एक लाख रूपये होने की संभावना है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में बस्ती के बीच नूरानी मस्जिद स्थित है, जिसमें मदरसा भी संचालित होता है। मस्जिद के अंदर लोहे की गुल्लक रखी हुई थी। गुल्लक को एक पिलर से लोहे की चेन द्वारा बांधा गया था। एक ताला चेन में लगा हुआ था तथा दो ताले गुल्लक में लगे हुए थे। रविवार-सोमवार की रात्रि में किसी समय चोर दीवार फांदकर मस्जिद में घुसे और चेन का ताला तोड़कर पूरी गुल्लक को उठाकर ले गये। सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे लोग मस्जिद में फज्र की नमाज़ अदा करने पहुंचे, तो गुल्लक को गायब देखकर चौक गये। तलाशने पर मस्जिद से करीब 700 मीटर दूर एक गेहूं के खेत में खाली गुल्लक तथा एक ताला पड़ा हुआ मिला। सूचना पर थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने मस्जिद कमेटी के उपाध्यक्ष मौ. आरिफ पुत्र शराफत अली निवासी ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा की ओर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सीडीओ ने किया ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण



**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी डा. दिनेश पाल शर्मा ने सीडीओ रणविजय सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण में कार्यालय में सभी अभिलेख दुरूस्त पाये गये। निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड कार्यालय पर उपायुक्त आरबी यादव एकाउंटेंट मनरेगा गिरीश चन्द, बाबू इस्लाम अहमद, एडीओ पंचायत करूणा चौहान, एडीओ ग्राम्य विकास सलीम अहमद, एसईओ समाज कल्याण योगेश कुमार, सीडीपीओ सतीश कुमार, अनीस कुमार, डोली चौहान कम्प्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित रहे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर के द्वारा क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यो का स्थलीय सत्यापन किया। तदुपरान्त विकास खण्ड में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली तथा अस्थाई गौ आश्रय स्थल फीना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दोनों गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा इत्यादि मौके पर उपलब्ध पाया गया।

# पुलकित हास्पिटल ने जमालपुर पठानी में लगाया मेडिकल कैम्प



**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत जमालपुर पठानी, मण्डावली के पंचायतघर पर पुलकित मैमोरियल हास्पिटल द्वारा स्पेस्लिस्ट डाक्टरों द्वारा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 223 मरीजों को समस्त रोगों से सम्बंधित जानकारियां मरीजों को दी गई तथा नि:शुल्क (फ्री) दवाइयों का वितरण किया गया। मरीजों को पुलकित मैमोरियल हास्पिटल में सप्ताह में दो दिन (मंगलवार व शनिवार) चलने वाले नि:शुल्क कैम्पों के बारे में जानकारियां दी गयीं।

# रिजल्ट देख खिल उठे विद्यार्थियों व अभिभावकों के चेहरे

**मंडावर (चिंगारी)।** मॉर्डन एरा पब्लिक स्कूल मंडावर में सोमवार को शैक्षिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कई छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का समर्पण एवं अभिभावकों का सहयोग इस सफलता का मुख्य आधार है। परीक्षा परिणाम छात्रों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण होता है, जो उन्हें आगे बढ़ने और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।



मंडावर मॉर्डन एरा स्कूल में अपना रिजल्ट दिखाती नन्ही छात्रा।

# दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर विधायक ओमकुमार को दिया ज्ञापन



**नहटौर (चिंगारी)।** दिव्यांग सहारा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मा.जबर सिंह के नेतृत्व में दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर नहटौर विधायक ओमकुमार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ न मिलने की शिकायत की। ज्ञापन में दिव्यांगजनों का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री आवास बनवाने, दिव्यांगजनों का पेंशन लिस्ट से आयुष्मान कार्ड बनवाने, दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए बस स्टैंड, चौराहों और रेलवे स्टेशन पर दुकान या खोखा आवंटित करने व योग्य दिव्यांगजनों को ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक बनाने की मांग की। इस अवसर पर दिव्यांग सहारा के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर जबर सिंह, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री जाबिर, मंडल उपाध्यक्ष जोनी, ब्लॉक अध्यक्ष समरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा वसीम, विजयपाल सिंह, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर (चिंगारी)।** सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल जाटान बिजनौर में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा विद्यालय प्रबंध समिति में उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर के द्वारा की गई। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। शिशु वाटिका वर्ग में यूकेजी की बहन तनु 85 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रही। प्राथमिक वर्ग में कक्षा चतुर्थ की बहन कनिका सैनी 86 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रही। जूनियर वर्ग में 88 प्रतिशत अंक लाकर भैया अभिराज चौधरी प्रथम रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज, पीयूष मित्तल, श्रीमान अभिनव अग्रवाल, राज्यवर्धन भटनागर, अतुल कुमार अग्रवाल, डा. राजीव अग्रवाल एवं राममोहन उपस्थित रहे। शैक्षिक पुरस्कारों की व्यवस्था सजल अग्रवाल के द्वारा एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कारों की व्यवस्था पीयूष मित्तल के द्वारा की गई। सांत्वना एवं प्रोत्साहन पुरस्कारों की व्यवस्था



राज्यवर्धन भटनागर के द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 80 भैया-बहनों को विभिन्न शैक्षिक सांस्कृतिक क्रियाकलापों में भाग लेने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विमल कुमार ने किया।

# इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सोमवार को इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रियाजुल हक उर्फ प्रिंस ने की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। अपनी-अपनी कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को विद्यालय प्रधानाचार्य डा. सादिया द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। कक्षा नर्सरी में आनाया हयात, आनाबया परवीन, अशियम, कक्षा केजी में ऋषभ कुमार, अरीब अली, लवी, कक्षा एक में रिदा, अदीब, जोया, कक्षा दो में कृष्णा, अदनान, वंशिका, कक्षा तीन में सारिका, हम्माद, माही, कक्षा चार में तान्या, यामिनी, आफिया, कक्षा पांच में प्रीति, सिमरन, सिदरा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मलित किया गया। इसके अतिरिक्त सबसे ज्यादा उपस्थित होने पर आशियम नक्ष और दिव्यांशु को सम्मानित किया गया। सबसे साफ और सुंदर स्कूल आने ओर ड्रेस के लिए मौ. फैज़ को पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुछ छात्रों को सांत्वाना पुरस्कार भी दिये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह ही बच्चे मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहे और देश में एक बड़ा नाम करें।



स्योहारा इकरा पब्लिक स्कूल में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में बच्चें।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# नीलामी किये बिना कटवाये जा रहे हैं सरकारी पेड़

## ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत लालपुर सोजीमल के ग्राम सलेमपुर भट्टा में पंचायती तालाब के किनारे खड़े पेड़ों को नियमानुसार नीलाम किये बिना कटवाये जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। ग्रामीणों नफीस अहमद तथा सुधांशु कुमार ने जिलाधिकारी को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत लालपुर सोजीमल बीए के ग्राम सलेमपुर भट्टा में स्थित पंचायती तालाब के चारों ओर काफी संख्या में यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हैं। इन पेड़ों को ठेकेदार से मिलीभगत कर नियम विरुद्ध तरीके से कटवाया जा रहा है। उनका कहना है कि पेड़ों की नीलामी के लिये ग्राम पंचायत में खुली मीटिंग नहीं की गई है। नीलामी की सूचना भी समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं कराई गई है। कुछ पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर उनके घर पर जाकर कराये गये हैं। तहसीलदार नजीबाबाद से फोन पर इसकी शिकायत की गई थी, उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन भी दिया था, मगर उनके द्वारा पेड़ों का कटान नहीं रुकवाया गया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार और बीडीओ को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त पेड़ों को कटवाने में बड़ा खेल किया गया है और सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई गई है। तहसीलदार नजीबाबाद संतोष यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जबकि बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया ने बताया कि पेड़ ग्राम पंचायत द्वारा नहीं तहसील प्रशासन द्वारा कटवाये जा रहे हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर चीनी मिल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद के सरस्वती शिशु मन्दिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। मिल के प्रधान प्रबन्धक सरस्वती शिशु मन्दिर के अध्यक्ष महीपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को पास अंकतालिका दी। साथ विद्यालय के बच्चों को इस शुभ अवसर पर कापी-पैन का भी वितरण किया गया। अनन्यापाल ने 94.5 प्रतिशत, प्रिया चौहान ने 90.5 प्रतिशत वंश चौहान 89.8 प्रतिशत, मानवी 87.3 प्रतिशत, श्रुति 85.7 प्रतिशत मुख्यत: बच्चों को अंक तालिका दी। विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल समस्त छात्र-छात्राओं पास होने के साथ परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। चीनी मिल मुख्य लेखाकार/विद्यालय के उपाध्यक्ष नीरज पाण्डेय, लेखाकार/विद्यालय के व्यवस्थापक सुशील कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षिकाये व समस्त स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक प्राप्त कर पास हो। आप सभी बधाई के पात्र हैं। साथ ही आपके माता-पिता भी बहुत खुश होते है।



# चाचा नेहरू बाल विद्या मंदिर का रिजल्ट देखकर विद्यार्थी हुए गद्‌गद्

**साहनपुर ( चिंगारी )।** साहनपुर क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में अपनी एक पहचान रखने वाली संस्था में सत्र 2025-26 का परीक्षाफल घोषित किया गया। मुख्य अथिति खुर्शीद मंसूरी चेयरमैन साहनपुर, विशिष्ट अतिथि श्री आशुतोष अग्रवाल चार्टड अकाउंटेंट प्रमुख व्यवसायी नजीबाबाद एवं स्कूल निदेशक सुनील भारद्वाज एडवोकेट ने सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा 01 में पलक, 02 में समर, 03 में श्रव्य, 04 में देव, 05 में रीनाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र पढ़ें और आगे बढ़ें, मां-बाप बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का प्रयास करें। विशिष्ट अतिथि आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि पढ़ाई से हमारा विकास संभव है। पूरे मनोयोग से कार्य करें। स्कूल निदेशक सुनील भारद्वाज एड. ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक अभिभावक वसीम अहमद, राहुल सिंह, मुन्नू, तस्लीम अहमद, राजू सिंह आदि एवं शिखा सिंह, रूपा सिंह, वैशाली, सोफिया, अक्षिता आदि शिक्षकाएं उपस्थित रहीं।



# सांसद जियाउर्रहमान से मिले मौ. शाद दोनों ने अपने बुजुर्गों को किया याद

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कासमपुर गढ़ी के पूर्व प्रधान स्व. बाबू अब्दुल हफीज के पौत्र युवा नेता मौ. शाद ने सांसद जियाउर्रहमान से शिष्टाचार भेंट की। सांसद जियाउर्रहमान बर्क से संभल में उनके आवास पर मुलाकात के बाद कासमपुर गढ़ी लौटे। मौ. शाद ने 'चिंगारी' को बताया कि उनके नाना मरहूम इब्राहिम तुर्क व दादा स्व. बाबू अब्दुल हफीज सांसद मरहूम शफीकुर्रहमान बर्क के काफी करीब थे और उनके बर्क साहब से बेहद मधुर रिश्ते थे, जिनकी तमाम यादगार पल आज भी दिलों दिमाग पर तरोताजा हैं। मौ. शाद ने कहा कि वर्तमान सांसद जियाउर्रहमान जहां एक ओर कौम की खिदमत को अंजाम दे रहे हैं, वहीं अपने वालिद-ए-मरहूम शफीकुर्रहमान बर्क साहब के अधूरे सपने को भी पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।



संभल सांसद के साथ मौजूद मौ. शाद।

# आधारशिला स्कूल का रिजल्ट घोषित, मेधावी परीक्षार्थी पुरस्कृत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला द स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 9 तक व कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 9 अ में निवेदिता दीक्षित प्रथम, आसफ खान द्वितीय व सिद्धार्थ राणा तृतीय, 9 ब में दर्श प्रताप सिंह प्रथम, देव चन्द्र द्वितीय व आफिया तृतीय, 9 स में कृषांग त्यागी प्रथम, कृष तोमर द्वितीय व आदर्श शर्मा तृतीय रहे। कक्षा 11 अ में हर्षिका प्रथम, नंदनी अग्रवाल द्वितीय व धैर्य प्रताप तृतीय,11 ब में आयशा सिद्दीकी प्रथम, उनेजा मलिक द्वितीय व फैयजा जमान तृतीय,11 स में खुशी अग्रवाल प्रथम, नैना अग्रवाल द्वितीय व वैष्णवी गुप्ता तृतीय,11 द में वैष्णवी नेगी प्रथम, परिणीति तोमर द्वितीय व मौ. हमजा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रायफल मैन संजय कुमार सदन को प्रथम, कैप्टन विक्रम बत्रा सदन को द्वितीय तथा कैप्टन मनोज पांडे व सुबेदार योगेन्द्र सिंह यादव सदन को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल, श्रीमती एकता कर्णवाल, विशिष्ट अतिथि मित्रविंदा कर्णवाल, प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता शर्मा, उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, मित्रविंदा कर्णवाल, श्रीमती बबीता त्यागी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता ब्रजभान सिंह ने किया।



# एनआईजीसी इंस्टीट्यूट में प्लेसमेंट में दो छात्रों का चयन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एनआईजीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीटेक कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के छात्रों ने हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था। कंपनी कॉन्सट्रक्ट सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार ने कई पद के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की। इसमें लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार एवं पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। इंटरव्यू का संचालन कंपनी के रिलेशनशिप बिजनेस हेड (नॉर्थ इंडिया) सर्वजीत सिंह व एचआर गरिमा पांडेय ने किया। चयन प्रक्रिया के बाद तृतीय राउंड में दो छात्रों दिव्यांशु व आदित्य गुप्ता का चयन किया गया। दोनों की प्रोफाइल पर नियुक्ति दी गई है। कंपनी ने शुरुआती पैकेज 3.0 लाख रुपये प्रति वर्ष दिया। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सरफराज अहमद तथा समस्त शिक्षण संकाय ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि रोबोटिक्स और भविष्य की तकनीक है और हमारे छात्रों का इस क्षेत्र में चुना जाना संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को आधुनिक युग की मांग के अनुसार करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलता है। संस्थान प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए कंपनी टीम एवं प्लेसमेंट सेल का आभार व्यक्त किया तथा चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।


प्लेसमेंट में शामिल हुए एनआईजीसी के छात्र व शिक्षक।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 1 अप्रैल 2026**

मेष- कठिनाइयों की निवृत्ति, दूसरों की सलाह से कामयाबी हासिल, मेल-मिलाप में रुचि, प्रेम सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- आज रात्रि 9/33 बजे तक कार्यों में अड़चनें, मित्रों से तनाव, गुप्त चिन्ताएं प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय बेहतर, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति का विकास।

मिथुन- आज रात्रि 9/33 बजे तक दिनमान अनुकूल, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, शेष समय में उलझनें, सुख-सुविधा में कमी, पारिवारिक मतभेद, जोखिम से नुकसान।

कर्क- निराशा का समापन, राजनैतिक कृत्यों की ओर रुझान, आपसी सौहार्द, धर्म के प्रति रुचि, कर्ज की निवृत्ति, घरेलू कठिनाइयों का निवारण, योजना साकार होने की ओर।

सिंह- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, आत्मीयजनों से सम्पर्क, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, वाहन से खुशी।

कन्या- आज रात्रि 9/33 बजे तक समय व्यवधानकारक, आकस्मिक व्यय, एकाग्रता भंग, विवाद की आशंका, शेष समय शुभ, आपसी सद्भाव, परोपकार की प्रवृत्ति।

तुला- आज रात्रि 9/33 बजे तक लाभ का सुयोग, इच्छाशक्ति जागृत, आनन्द की अनुभूति, शेष समय असंतोषजनक, अध्ययन में व्यतिक्रम, वैचारिक अस्थिरता।

वृश्चिक-परिश्रम के अनुरूप सफलता, पराक्रम में वृद्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, प्रियजनों-मित्रों से अपेक्षित सहयोग, शत्रु परास्त, नवसम्पर्क उपयोगी।

धनु- मनोभिलाषित कार्यों में सफलता, परोपकार की भावना जागृत, जीवन में मधुरता, नवसमाचार की प्राप्ति, अध्यावसाय की ओर रुझान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा।

मकर- आज रात्रि 9/33 बजे तक असंतोषजनक, आरोग्य सुख में कमी, मानसिक अशांति, शेष समय में इच्छा की पूर्ति, मनो-विनोद के सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि।

कुम्भ- आज रात्रि 9/33 बजे तक योजना साकार होने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, हर्ष, शेष समय अशुभ, धनागम में बाधा, व्यापारिक हानि, आरोप-प्रत्यारोप।

मीन- दिनमान अनुकूल, पारिवारिक खुशी, मंगल कृत्य सम्पादित, विशिष्टजनों से सहयोग, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मानसिक अशांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# प्रधानाचार्या सुनीता चौधरी को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज में विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी को लगभग 36 वर्ष कार्य करने के बाद सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विद्यालय प्रबंधक नीरज जैन एवं प्रबंध समिति द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एमडीएस के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या को सम्मानित करते प्रबंध समिति के पदाधिकारी।



# सोनू सैनी ने किया जयबजरंग बली लीला का शुभारंभ

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर खुराज उर्फ पटपडा गांवड़ी में प्रोजेक्टर द्वारा रंगीन पर्दे पर हो रही जय बजरंगबली हनुमानजी की लीला का उद्घाटन कोतवाली ब्लॉक के वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत सदस्य के भावी प्रत्याशी गांव कक्कड़पुर लकड़ा निवासी, सोनू सैनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उनके साथ रविंद्र सैनी, प्रदीप सैनी, आदित्य सैनी, ओमप्रकाश सैनी, कैलाश सैनी, राजू सैनी, मास्टर घनश्याम सिंह, रजनीश कुमार, शुभम पाल, नवल किशोर सिंह, आदित्य नारायण, मनोज कुमार, खुशीराम, नंदराम सैनी उपस्थित रहे।

# आईपीएल मैच के दौरान अर्द्ध रात्रि तक चलेगी लखनऊ मेट्रो

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान लखनऊ में होने वाले मैचों के लिए मेट्रो सेवाओं का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत लखनऊ सुपर जायन्ट्स (एलएसजी) के मैचों के दिनों में मेट्रो सेवाएं रात 12:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जिससे दर्शकों को देर रात सुरक्षित और आसान यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। आईपीएल मैच आमतौर पर शाम 7:30 बजे शुरू होते हैं और देर रात तक चलते हैं। ऐसे में दर्शकों को घर लौटने में दिक्कत न हो, इसके लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है। यूपीएमआरसी लगातार चौथे वर्ष यह सुविधा उपलब्ध करा रहा है, जिससे उसकी यात्रियों के प्रति प्रतिबद्धता भी झलकती है। लखनऊ में सायंकालीन मैच 1 अप्रैल, 22 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 15 मई और 23 मई को खेले जाएंगे। इन सभी दिनों में मेट्रो सेवाएं सामान्य समय से अधिक देर तक संचालित होंगी।

# नामित सभासद बनने पर गीता कैशले को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती गीता कैसले को नगरपालिका नजीबाबाद में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासद मनोनीत करने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने श्रीमती गीता कैसले का फूल मालाएं पहनाकर, गुलदस्ते एवं अंग वस्त्र भेंट कर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती रमा शर्मा, श्रीमती सुबोध महिंद्रा, श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्रीमती वितेश चंद्रा, श्रीमती गीता वर्मा, श्रीमती बबीता तायल, श्रीमती लता वर्मा, श्रीमती मंजू जौहरी, श्रीमती बिंदू सर्राफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजू जौहरी ने किया एवं अध्यक्षता प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदू सर्राफ ने की।


नामित सभासद गीता कैशले को सम्मानित करते हुए।

# एलिवेटेड रोड बनवाये सरकार

### लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण संघर्ष समिति द्वारा जनसभा का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग व आंदोलन की भविष्य की रणनीति तैयार करने को लेकर लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण संघर्ष समिति की ओर से हल्दूखाता तिराहा के निकट एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जन सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, पूर्व सैनिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रतिभाग किया।

सभा का संचालन करते हुए रविंद्र सौंद ने कहा कि जनता, मोटर मार्ग निर्माण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पेश किये गये गलत तथ्यों से आक्रोशित है। इस कारण इस मोटर मार्ग पर कमर्शियल वाहनों के चलने पर रोक लग चुकी है। कहा कि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पैसेंजर कमर्शियल वाहनों पर लगी रोक हटाने के लिए पिटीशन लगाई गई है। इससे स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय आने के बाद से ही कोटद्वार विधायक और पार्टी के जिलाध्यक्ष जनता को झूठी जानकारी दे रहे थे। पूर्व सैनिक मदन नेगी ने कहा कि सरकार अभी भी सीईसी के अनुसार रोड निर्माण करवाना चाहती है जिससे जनता रात के समय आवागमन नहीं कर सकती। सरकार को 17 नवंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए एलिवेटेड रोड का निर्माण करना चाहिए। वहीं सरकार इस आदेश का पालन नहीं कर रही है।

आंदोलनकारियों ने जनप्रतिनिधियों और सरकार पर आरोप लगाए कि दूसरे प्रदेश के होटल, ढाबा, लैंड माफियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार इस रोड को एलिवेटेड नहीं बना रही है, ताकि गढ़वाल, कोटद्वार से लोग उत्तरप्रदेश से जायें और दूसरे प्रदेश के माफियाओं को लाभ हो। राम कंडवाल ने 2003 से लेकर अब तक के एलिवेटेड रोड के निर्माण संबंधी कागजात जनता से साझा किये। वहीं समिति संयोजक प्रवीण थापा ने सभी आंदोलनकारियों से लक्ष्य प्राप्ति तक आंदोलन जारी रखने की अपील की। इस दौरान पूर्व सैनिक देवेंद्र रावत, नरेश धस्माना, प्रकाश रावत, उम्मेद भंडारी, नरेंद्र सिंह, कृपाल सिंह गुसाई, महेंद्र पाल सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, यूकेडी संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवान, पूर्व पार्षद अमित नेगी और पूर्व पार्षद विजयपाल मेहरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।

# एमआईटी की एनएसएस टीम के साथ नगर पालिका ने निकाली गंगा स्वच्छता रैली




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025, मॉडर्न इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी के छठें एनएसएस शिविर के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ढालवाला ने यूनिट के साथ गंगा स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। सफाई निरीक्षक कमल चौहान के नेतृत्व में टीम जानकी झूला में एकत्र हुई। यहां से सभी ने मेरी गंगा-मेरी जिम्मेदारी, सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करो, सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ के नारों के साथ आस्था पथ में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सफाई निरीक्षक ने यूनिट के सभी छात्र-छात्राओं से अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। रैली में एमआईटी एनएसएस के कॉर्डिनेटर डॉ. रितेश जोशी, राजेश चौधरी, योगेश लखेड़ा, नगर पालिका सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह सजवाण एवं एनएसएस के समस्त स्वयंसेवको ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया।

# मां चंद्रबदनी देवी की निःशुल्क यात्रा को माता का ध्वज लहराकर रवाना किया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** गढ़ महिला उत्थान समिति द्वारा आयोजित मातृ शक्ति मां चंद्रबदनी देवी के दर्शन को ग्रामसभा श्यामपुर भल्ला फार्म से निःशुल्क यात्रा को ग्रामसभा श्यामपुर की प्रधान विजयलक्ष्मी पंवार एवं यात्रा संयोजक जयेंद्र रमोला द्वारा माता का ध्वज लहराकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां चंद्रबदनी की यह पावन यात्रा केवल आस्था और श्रद्धा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सेवा भाव और सनातन संस्कारों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने के साथ मातृशक्तियों की बढ़ती भागीदारी को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत हैं। समिति की उपाध्यक्ष, प्रधान संगीता राणा व सचिव कृष्णा रमोला ने कहा कि गढ़ महिला उत्थान समिति भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान विजयपाल जेठुड़ी, प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पंवार, ईशा चौहान, उमा ओबरॉय, पंचायत सदस्य आशीष पंवार, राहुल बिष्ट, विजयपाल पंवार, सनमोहन रावत व पंडित नवानी आदि मौजूद थे।

# जब हो जायेगा मूल्यांकन का कार्य समाप्त स्थानान्तरण प्रक्रिया पर विचार होगा तत्पश्चात

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी की आनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ की मंडल शाखा के सभी पदाधिकारियों ने लंबे समय से लंबित स्थानांतरण प्रक्रिया आरंभ करने की मांग की। मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि लंबे समय से शिक्षकों के पदोन्नति व स्थानांतरण प्रक्रिया पर सरकार व विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इस कारण शिक्षक जिस पद पर नियुक्त हो रहा है उसी पद से सेवा निवृत्त हो रहा है। इस वजह से शिक्षकों में रोष बना हुआ है। कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इस समय प्रदेश के सभी शिक्षक मूल्यांकन का कार्य कर रहे हैं। इसके बाद स्थानांतरण प्रक्रिया पर सरकार की ओर से कोई पहल न होने की स्थिति में गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी प्रांतीय शाखा से विचार विमर्श कर अपने स्तर से स्थानांतरण के लिए कार्यक्रम तय करेगी। आवश्यक हुआ तो आंदोलन भी किया जायेगा। आनलाइन बैठक में जनपद पौड़ी से मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत, उपाध्यक्ष सुबोध नेगी, आशीष शुक्ला, दीपक नौटियाल, प्रकाश चौहान, वीरेंद्र नेगी, जनपद चमोली से भगवान सिंह नेगी, बुद्धि प्रसाद भट्ट, टिहरी जनपद से बलवंत सिंह व उत्तरकाशी जनपद से अर्जुन पंवार सहित अन्य जनपदों के शिक्षक मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व सैनिक बैठे धरना देकर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिको द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर तहसील में ध्यानाकर्षण धरना दिया गया। चेतावनी दी गई कि समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है और स्थानीय शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। शहर में बेसहारा गौवंश व आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो आम जन पर लगातार हमलावर हो रहे हैं। लगभग हर रोज ही बेस अस्पताल में आवरा कुत्तों के काटने से घायल लोग रेबीज का टीका लगाने पहुंच रहे हैं। वहीं अतिक्रमण व पार्किंग सहित अन्य समस्याओं का स्थायी समाधान भी नहीं हो पाया है। मौके पर पूर्व सैनिकों ने शासन प्रशासन से उक्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की अपील की और ऐसा न होने पर आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी दी। धरने में बलवान सिह रावत, देवेन्द्र सिंह नेगी, विरेन्द्र सिंह, बलवीर सिह नेगी, जगत सिंह, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, मनोहर लाल, विनोद कुमार, चंदन सिंह और नरेश रावत सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## महाविद्यालय में आशीष काला बने पीटीए के अध्यक्ष

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में नवीन सत्र के लिए शिक्षक अभिभावक संघ का गठन कर लिया गया है। इस दौरान आशीष काला को संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस संबंध में महाविद्यालय में शिक्षकों व अभिभावकों की आयोजित बैठक में महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. डी.एस. नेगी के दिशा निर्देशों के अनुसार गठित शिक्षक-अभिभावक संघ में अध्यक्ष के अलावा चंडीप्रसाद बेबनी को उपाध्यक्ष, सूदन कुमार को सह सचिव व शान्तनु थपलियाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं रुचि देवी, सुशांत सिंह व आशीष सिंह को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है ताड़केश्वर मंदिर



**कोटद्वार (चिंगारी)।** देवभूमि उत्तराखंड में ताड़केश्वर मंदिर जनपद पौड़ी के शांत एवं सुरम्य पर्वतीय अंचल में स्थित एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, जो देवदार के घने वनों के मध्य अपनी आध्यात्मिक आभा के लिए विख्यात है। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर विकास खण्ड जहरीखाल में स्थित भगवान शिव को समर्पित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आस्था और प्रकृति के अदभुत संगम का अनुभव कराता है। क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख एवं तारकेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष रनवीर सिंह सजवान ने बताया कि सावन माह एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां विशेष पूजन-अर्चन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण यह स्थल क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

जय श्री राम
निमंत्रण
बिजनौर जिले का सबसे प्राचीन मन्दिर
प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मन्दिर
(मुख्य बाजार) धामपुर
तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव
01 अप्रैल 2026 (बुधवार) — सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन, समय - 3:00 बजे से प्रारम्भ, आरती, भोग, प्रसाद वितरण, प्रभु इच्छा समयानुसार
02 अप्रैल 2026 (बृहस्पतिवार) — श्री हनुमान जन्मोत्सव, स्वर्ण सिन्दूरी चोला, दोपहर 12:00 बजे से, आरती, महाभोग-, प्रभु इच्छा समयानुसार
03 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) — विशाल भण्डारा, भोग - प्रातः 11:00 बजे, प्रसाद वितरण, प्रात - 11:30 से, प्रभु इच्छा तक
आप सभी भक्तगण परिवार सहित उपरोक्त सभी कार्यक्रम में आमंत्रित है।
स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज (Ph.D) मो. 8279940141
महंत जतिन गिरि, महंत आदित्य गिरि मो. 8273271425

# घरों तक जंग की आंच, दूध-किराना-इलाज महंगे होंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कंपनियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कच्चे तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ रही है और कंपनियां दाम बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे बोतलबंद पानी, नमक, तेल जैसी रोजमर्रा की चीजें, एसी, फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल से लेकर नॉन-सर्जिकल मेडिकल आइटम के दाम बढ़ सकते हैं। वजह यह है कि इस जंग ने प्लास्टिक उद्योग की रीढ़ तोड़ दी है। बीते 30 दिनों में कच्चे माल के दाम 50-70 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले प्लास्टिक दाने एलडीपीई के दाम 110 रु/किलो से 180 रुपए तक पहुंच गए हैं।

अन्य पॉलीमर और रॉ मटेरियल भी 30 हजार से 70 हजार रुपए प्रति टन तक वृद्धि हुई है। ऐसे में अप्रैल में प्लास्टिक की कीमतें 50-60 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। प्लास्टिक टंकी व कंटेनर के दाम 30-40 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील शाह कहते हैं कि प्लास्टिक इंडस्ट्री से 5 लाख लोग जुड़े हैं। संकट बढ़ा तो दो-तीन लाख लोग बेरोजगार हो सकते हैं। हमारी मांग है कि स्थिति सामान्य होने तक प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर 18 प्रतिशत जीएसटी को कम करके 5 प्रतिशत तक लाया जाए। बैंक वर्किंग कैपिटल लिमिट 20 प्रतिशत तक बढ़ा दें। इससे कैश फ्लो समस्या हल होगी। असर

## रोजमर्रा के सामान के दाम बढ़ाने की तैयारी

50 हजार प्लास्टिक फैक्ट्रियों पर पड़ा है। कॉमर्शियल एलपीजी की कमी झेल रहे अधिकांश यूनिट्स ने उत्पादन बंद कर दिया या घटा दिया।

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर (कक्षा 6 से 10 तक) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044

आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# राकेश टिकैत की हुई रिहाई

**मेरठ (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता को राकेश टिकैत को ओडिशा में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के कुछ ही देर बाद उन्हें रिहा भी कर दिया गया। इधर, टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में अलग-अलग जगहों पर किसानों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। मेरठ में भी थाने पर किसानों का जमावड़ा हो गया। रिहाई के बाद रात करीब 10 बजे भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता, किसान मोर्चा के कार्यकर्ता रात को अपने-अपने घर चले जाएं। उन्हें फिलहाल छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि 10 से 12 किसान नेताओं को अभी भी पुलिस ने हिरासत में लिया हुआ है।

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएँ जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएँ उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928